# जॉब के लिए प्रोफेशनल डिग्रियां जरूरी : नरेन्द्र सिंह






इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कास्ट एकाउन्टेंट्स आफ इंडिया कन्वेंशन का दीप जलाकर उद्घाटन करते मुख्य अतिथि राज्यमंत्री नरेन्द्र सिंह यादव व भाग लेते लोग। *फोटो : एसएनबी*

**लखनऊ (एसएनबी)**। आज केवल बीकाम या एमकाम से काम नहीं चलने वाला है। जॉब की राह आसान करने के लिए प्रोफेशनल डिग्रियां जरूरी हो गयी हैं। यह बात रविवार को द इंस्टीट्यूट आफ कास्ट एकाउन्टेंट्स आफ इण्डिया (आईसीएआई) के लखनऊ चैप्टर द्वारा गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 'स्माल अपरचुनिटीज आर द बिगनिंग आफ ग्रेट इन्टरप्राइजेज' विषय पर आयोजित 'कानवेंशन-2013 फार सीएमए स्टूडेंटस' का शुभारम्भ करते हुए मुख्य अतिथि राज्य मंत्री नरेन्द्र सिंह यादव ने कही।

उन्होंने कहा कि अमेरिका में उपजी आर्थिक मन्दी ने अपना दायरा बढ़ाना शुरू कर दिया है। यह संकट यूरोप और एशिया को भी अपनी लपेट में ले रहा है। ऐसे संकट से निपटने वाले कास्ट कटिंग, कास्ट एण्ड मैनेजमेण्ट अकाउन्टिंग की डिमांड अचानक बढ़ गयी है। उन्होंने कहा कि इस दौर में कंपनियों ने मंदी के असर को कम करने के लिए अपने गैर जरूरी खर्चों में कटौती का रास्ता तलाशा था। इस प्रक्रिया में उनको फायदा भी मिला। यही वजह है कि कास्ट कटिंग एवं अकाउंट से संबंधित प्रोफेशनल्स की डिमांड तेजी से उभरी थी, जो आज भी बदस्तूर जारी है। उन्होंने कहा कि बाजार को देखकर यह कहना गलत नहीं होगा कि आने वाले समय में इनकी डिमांड और अधिक बढ़ेगी। इस क्षेत्र में हर कदम पर चुनौतियां पेश आती हैं तथा कंपनी का पूरा दारोमदार सीएमए पर निर्भर होता है कि वह किस तरह से कंपनी के लिए फायदे की सौगात लेकर आएगा। आर्थिक मंदी की वजह से यह हर छोटी-बड़ी कंपनी के लिए जरूरत बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि जानकारों की मानें तो एक कास्ट एण्ड मैनेजमेंट एकाउन्टेंट का काम एक बड़े लक्ष्य के समान है। आने वाले समय में हर बड़ी कंपनी के अन्दर कास्ट एण्ड मैनेजमेण्ट एकाउन्टेंट की नियुक्ति जरूरी हो जाएगी। इससे उत्पादन निर्माण में गुणवत्ता तथा उत्पादन लागत में कमी आने का फायदा सीधे तौर पर उपभोक्ताओं को मिलेगा। श्री यादव ने कहा कि आईसीएआई का कास्ट एण्ड मैनेजमेंट अकाउण्टेंसी से संबंधित कोर्स भी एक ऐसा ही कोर्स है तथा आईसीएआई भारत सरकार की संसद के अधिनियम के अन्तरगत स्थापित है तथा कास्ट एण्ड मैनेजमेण्ट की डिग्री प्रदान कर रहा है।

> ▶ आईसीएआई, लखनऊ चैप्टर का 'कन्वेंशन-2013 फार सीएमए स्टूडेण्ट'

इस अवसर पर आईसीएआई, लखनऊ चैप्टर के चेयरमैन सुनील सिंह ने फ्यूचर आफटर सीएमए, अभिषेक श्रीवास्तव ने कॉनसेप्चुअल चेन्जेज इन सर्विस टैक्स, एस.बी. अग्रवाल ने एफडीआई, संजय गुप्ता ने कास्ट एकाउन्टिंग रूल्स पर जानकारी दी। कार्यक्रम में आईसीएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सिंह, सीसीएम संजय गुप्ता, आरसीएम सौरभ श्रीवास्तव, लखनऊ चैप्टर के सेक्रेटरी विकास श्रीवास्तव, लखनऊ चैप्टर की वाइस चेयरमैन सीमा सिंह, ट्रेजरार अंजना चड्ढा, लखनऊ चैप्टर के कार्यकारिणी सदस्य सुनील सिंह, पवन तिवारी, विनीत श्रीवास्तव, महेन्द्र सिंह, सौरभ बहादुर, मनोज मिश्र सहित बड़ी संख्या में सीएमए विद्यार्थियों ने भाग लिया।